# मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 46 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को पुलिस पदकों से किया सम्मानित

**पुलिस वीरता पदक से 26, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 02, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 2 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 5 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृत**

**रायपुर** | आरएनएस

पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 46 पुलिस अधिकारियों और जवानों का उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदकों से सम्मानित किया। साय ने पुलिस वीरता पदक से 26, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 02, सराहनीय सेवा सुधार पदक से 2 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 5 अधिकारी-कर्मचारियों को अलंकृत किया।

राष्ट्रपति के पुलिस वीरता पदक 2024

हेमंत पटेल, निरीक्षक, जिला-बलौदाबाजार, मालिक राम, निरीक्षक, जिला-कांकेर, सुक्कु राम नाग, उप निरीक्षक, जिला-नारायणपुर, संतोष चंदन, प्रधान आरक्षक, जिला-नारायणपुर,श्री साकेत कुमार बंजारे, निरीक्षक, जिला-बीजापुर, भुवन सिंह बोरा, कंपनी कमाण्डर, 21 वीं वाहिनी छसबल, बालोद, संजय पात्न, उप निरीक्षक, जिला-दंतेवाड़ा धरम सिंह तुलावी, उप निरीक्षक, जिला-बीजापुर, वीरेन्द्र कंवर, उप निरीक्षक, जिला-सुकमा, पतिराम पोडियाम, उप निरीक्षक, जिला-कांकेर, दिलीप कुमार वासनिक, प्लाटून कमाण्डर, एस.टी. एफ. बघेरा-दुर्ग, शहीद रमेश सुनीता बुझे की धर्मपत्नी जुरी, प्रधान आरक्षक, जिला-बीजापुर की धर्मपत्नि सुनीता जुर्री, शहीद रमेश कोरसा, आरक्षक, जिला-बीजापुर की धर्मपत्नी उषा कोरसा, शहीद सुभाष नायक, आरक्षक, जिला-बीजापुर की धर्मपत्नी दुशीला नायक, शहीद रामदास कोर्राम, आरक्षक,



एस.टी.एफ. बघेरा-दुर्ग की धर्मपत्नी परमशीला कोर्राम, शहीद जगतराम कंवर, आरक्षक, एस.टी.एफ. बघेरा-दुर्ग की धर्मपत्नी कुमारी बाई कंवर, शहीद सुख सिंह, आरक्षक, एस.टी.एफ. बघेरा-दुर्ग की धर्मपत्नी सेवंतीन फरस, शहीद रमाशंकर सिंह, आरक्षक, एस.टी.एफ. बघेरा-दुर्ग की धर्मपत्नी बिस्तुरी सिंह पैकरा, शहीद शंकर नाग, आरक्षक, एस.टी. एफ. बघेरा-दुर्ग की धर्मपत्नी सुखदई नाग, शहीद किशोर एण्ड्रिक, सहायक आरक्षक, जिला-बीजापुर की धर्मपत्नी रिंकी एण्ड्रिक, शहीद सनकूराम सोढ़ी, सहायक आरक्षक, जिला-बीजापुर के पुत्र सुनील सोढी, शहीद बोसाराम करटामी, सहायक आरक्षक, जिला-बीजापुर की धर्मपत्नी सोनमती करटामी, धरम सिंह तुलावी, उप निरीक्षक, जिला-बीजापुर, शिव कुमार रामटेके, प्रधान आरक्षक, जिला-बीजापुर, छन्नूराम पोयाम, आरक्षक, जिला-बीजापुर, गौतम कोरसा, आरक्षक, जिला-बीजापुर

विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रपति का पुलिस पदक 2024

अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय रायपुर, के. एल. ध्रुव उप पुलिस महानिरीक्षक, कांकेर रेंज, कांकेर

सराहनीय सेवा हेतु भारतीय पुलिस पदक 2024

दुखू राम आचला तत्कालीन सेनानी, 14वीं वाहिनी छसबल, धनोरा-बालोद वर्तमान में सेवा निवृत्त, नेहा पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, येशेश्वरी येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय रायपुर, टीकाराम कुर्रे, सहायक सेनानी, 22वीं वाहिनी छसबल, भीरागांव- कांकेर, महेश शुक्ला, सहायक प्लाटून कमाण्डर, 6 वीं वाहिनी छसबल, रायगढ़, जेम्स लकड़ा, कंपनी कमाण्डर, 2री वाहिनी छसबल, सकरी-बिलासपुर, ओमप्रकाश साहू, उप निरीक्षक (अ), विशेष आसूचना शाखा, पुलिस मुख्यालय रायपुर, उदय सिंह सिदार, प्रधान आरक्षक, 15वीं वाहिनी छसबल, बीजापुर, महेन्द्र कुमार पाठक, उप निरीक्षक, जिला-नारायणपुर, मनोज कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक, जिला-बस्तर, देवीशरण सिंह, प्रधान आरक्षक, विशेष आसूचना शाखा, पुलिस

मुख्यालय रायपुर

सराहनीय सुधार सेवा पदक 2024

श्री गिरधर सेन, सेवा निवृत्त प्रहरी, केन्द्रीय जेल रायपुर, लक्ष्मीराम यादव, प्रहरी, जिला जेल कोरबा

राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पुरस्कार 2024

राज्यपाल पुरस्कार

श्रीमती शिल्पा साहू, उप पुलिस अधीक्षक, रेंज पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग

मुख्यमंत्री पुरस्कार

श्री दिलहरण सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक, जिला-धमतरी

रानी सुबरन कुंवर पुरस्कार

श्रीमती भारती मरकाम, निरीक्षक, जिला-बिलासपुर

वीरनारायण सिंह पुरस्कार

अजाक थाना, जिला-बेमेतरा

पुलिस महानिदेशक पुरस्कार

श्रीमती अंजू सिंह, महिला प्रधान आरक्षक, जिला-राजनांदगांव

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी में रिक्त सहायिका पद के लिए 10 सितम्बर तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत मिनी केन्द्र से उन्नयन किए गए आंगनबाड़ी केन्द्र बंगलाडीपा वार्ड क्रमांक 43 सराईपाली, कोसाबाड़ी लाखा, तारापुर, औराभांठा, बरझरिया ग्राम पंचायत बंगुरसिया में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के नवीन एक-एक पद स्वीकृत होने से उक्त पद की पूर्ति हेतु 10 सितम्बर 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) में आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### रायफल सफाई के दौरान चली गोली, प्रधान आरक्षक की मौत

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के भैरमगढ़ थाने में 16 अगस्त 2024 को सुबह 9 बजे के आसपास सर्विस रायफल की सफाई के दौरान अचानक गोली चलने से प्रधान आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल जवान को उपचार के लिए भैरमगढ़ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टरों ने जवान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक संन्नु हपका अवकाश के बाद 15 अगस्त 2024 को वापस थाना में आमद दिया था। दिनांक 16 अगस्त 2024 को ड्यूटी के लिए रायफल इश्यू कराने के बाद रायफल सफाई करने के लिए थाने के पीछे मेस की तरफ गया था। पुलिस द्वारा संभावना व्यक्त किया जा रहा है की रायफल सफाई के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जवान के सीने में लग गई। घटना के बाद थाना भैरमगढ़ में मर्म पंजीबद्ध कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह नई दिल्ली में आकांक्षी विकासखंड माकड़ी से आमंत्रित विशिष्ट अतिथि हुए शामिल

**कोण्डागांव (आरएनएस)।** नीति आयोग द्वारा चिन्हांकित देश भर के प्रत्येक आकांक्षी विकासखंड से केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं द्वारा लाभान्वित 2- 2 हितग्राहियों को नई दिल्ली में आयोजित 78वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था द्य इसके तहत आकांक्षी विकासखंड विकासखंड माकड़ी से जागेश्वर बाज एवं उनकी धर्मपत्नी सोनमती बाज को इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ द्य विदित हो कि जागेश्वर बाज एवं उनका परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के तहत नल जल कनेक्शन, स्वच्छ भारत मिशन के जलवाहित शौचालय, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, आयुष्मान कार्ड योजना व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व अन्य योजनाओं द्वारा लाभान्वित हैं।

## ओडिशा के नक्सल क्षेत्र से चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद, पुसौर पुलिस ने ट्रैक्टर चुराने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़**

पुसौर थानाक्षेत्र से चोरी गई ट्रैक्टर की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर पुसौर पुलिस ने ओडिशा पुलिस के साथ साहसिक अभियान को सफलता पूर्वक अंजाम देते हुए ओडिशा के नक्सल क्षेत्र से चोरी ट्रैक्टर की बरामदगी और 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने प्रेस को बताया कि 26 जुलाई 2024 को गोविंद राम पटेल, निवासी छोटे भण्डार, थाना पुसौर, ने अपने ट्रैक्टर क्रमांक CG13AH6160 (जॉनडियर) की चोरी की रिपोर्ट थाना पुसौर में दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, 08 जुलाई 2024 को शाम 6:30 बजे पटेल ने अपने



ट्रैक्टर को घर के सामने रोड किनारे खड़ा किया था, लेकिन सुबह 5:00 बजे ट्रैक्टर गायब पाया।

पुसौर पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्परता से कार्यवाही शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित कुमार बंजारे के नेतृत्व में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें तीन अज्ञात व्यक्तियों को रात 2:00 बजे ट्रैक्टर ले जाते हुए देखा गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने रूट निर्धारण करते हुए सरिया, भुक्ता, आमाभौना और भठली में ट्रैक्टर और संदेहियों की जांच की। ओडिशा के बरगढ़ बस स्टैंड के बाद से ट्रैक्टर का कोई सुराग नहीं मिला।

थाना प्रभारी रोहित बंजारे ने ओडिशा के विभिन्न स्थानों पर चार बार दबिश दी और माल-मुल्जिम की तलाश में मुखबिरों को तैनात किया। इसी दौरान पुसौर टीआई को मुखबीर ने बरगढ़ (ओडिशा) में गुरुदेव नाम के एक व्यक्ति को छत्तीसगढ़ के ट्रैक्टर के साथ देखना बताया। पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से गुरुदेव को हिरासत में लिया और कड़ी पूछताछ के बाद, उसके दो अन्य साथी—छोटू उर्फ राज साह और बलराम साहू उर्फ रिक्की को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

अपराध का तरीका: आरोपियों ने अपने बयान में स्वीकार किया कि वे 08 जुलाई 2024 को चन्द्रपुर आए थे। रात को उन्होंने ग्राम बड़े भंडार से जॉनडियर ट्रैक्टर चोरी किया और उसे गुरुदेव चलाते हुए चन्द्रपुर-डभरा-सरिया-भुक्ता होते हुए बरगढ़ ले गए। बरगढ़ में ट्रैक्टर बेचने की कोशिश की, लेकिन सौदा नहीं हो पाया। इसके बाद वे ट्रैक्टर को बलांगीर और रायगढ़ा ले गए, लेकिन वहां भी ग्राहक नहीं मिला। ट्रैक्टर के बिगड़ने पर आरोपियों ने उसे ग्राम डागसोरदा के घने जंगल में छिपा दिया।

पुलिस की कार्रवाई: - चोरी किया गया ट्रैक्टर जिस स्थान पर छिपाया गया था, वह जिला रायगड़ा, ओडिशा का नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने ओडिशा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय कर थाना प्रभारी पुसौर के नेतृत्व में एक टीम को रवाना किया। रायगढ़ और ओडिशा पुलिस की टीमों ने सुरक्षा उपाय अपनाते हुए ट्रैक्टर को टोचन कर शहर तक लाया और विधिवत रूप से ज़ब्त किया।

गिरफ्तार आरोपी/जप्त मशरूका- (1) राज साह उर्फ छोटू पिता विकास साह उम्र 26 साल निवासी कनोल छन बरहागुड़ा थाना बरहागुड़ा रूरल जिला बरगढ़ ओडिशा (2) बलराम साहू उर्फ़ रिक्की पिता भगवानों साहू उम्र 20 साल निवासी ग्राम कुर्ला थाना बरहागुड़ा रूरल जिला बरगढ़ ओडिशा (3) गुरुदेव बम्हानिया पिता बैसनबो बम्हानिया उम्र 23 साल निवासी बरहागुड़ा बरहागुड़ा रूरल जिला बरगढ़ ओडिशा, आरोपियों को थाना पुसौर में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 171/2024 धारा 303(2),3(5) बीएनएस में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

**जप्त संपत्ति- चोरी ट्रैक्टर जॉनडियर CG13AH6160 कीमती करीब 4 लाख रूपए**

माल-मुल्जिम पतासाजी में इनकी रही अहम भूमिका:- पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के सुपरविजन में इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित कुमार बंजारे, सहायक उप निरीक्षक मनमोहन बैरागी, उमाशंकर विशाल, आरक्षक प्रकाश गिरी, धनुर्जय चंद्र बेहरा, ओशनिक विश्वाल, और नरोत्तम यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ओडिशा के थाना बरहागुडा और थेरूवाली पुलिस का विशेष सहयोग रहा।

## ट्रक ड्राइवरों से लूटपाट करने वाले बबली गैंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में पिछले दिनों ट्रक चालक से लूटपाट करने के मामले में फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में दो आरोपियों को पहले की गिरफ्तार कर लिया गया था।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर ट्रक ड्राइवरों से हथियार दिखाकर लूटपाट करने वाले बबली गैंग के फऱार आरोपी को पकडऩे में सफलता मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ट्रक ड्राइवर मनीष कुमार यादव पिता इंद्ल राम यादव उम्र 23 वर्ष सदगुरु ट्रांसपोर्ट कोरबा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 15 जून 24 के 5:30 बजे अज्ञात लोगों के द्वारा चाकू दिखाकर प्रार्थी का मोबाइल एवं नगदी रक़म लूट कर ले गये है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में बबली गैंग के दो आरोपियों को गिरफ़्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया था वहीं उक्त मामले में एक आरोपी महेंद्र कुमार खटकर उफऱ् भाका फ रार हो गया था जिसकी तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से आरोपी के ठिकाने की सूचना मिली और सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार 16 अगस्त को आरोपी महेंन्द्र कुमार खटकर को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## महिला से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों का आरोपी गिरफ्तार, आरोपित पहले भी कई मामलों में था नामजद

**रायगढ़**

थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक महिला की छेड़खानी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपित अरविंद गुप्ता (38 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। महिला ने कल थाने में लिखित आवेदन दिया कि 15 अगस्त 2024 को दोपहर तालाब में नहाने गई, तो अरविंद गुप्ता ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया। महिला के चिल्लाने और बचाव करने पर वह भाग गया।



महिला ने आगे बताया कि कुछ दिन पहले भी अरविंद गुप्ता ने उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील बातें की थीं। घटना की जानकारी परिजनों को देने पर अरविंद ने शराब के नशे में गलती स्वीकार की और माफी मांगी।

पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें मामूली चोटें पाई गईं।

आरोपित अरविंद गुप्ता पर पहले भी छेड़छाड़ और प्रतिबंधक कार्रवाई के मामले दर्ज हैं। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी अरविंद गुप्ता को इस छेड़खानी के अपराध में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, महिला प्रधान आरक्षक समुंद निराला व हमराह स्टाफ की इस महिला संबंधी अपराध के त्वरित निराकरण में अहम भूमिका रही है।

## मामूली विवाद में अधेड़ व्यक्ति की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**भेजा गया न्यायिक हिरासत में**

**रायगढ़**

कापू थाना क्षेत्र के सोनपुर सुकबासुपरा गांव में मामूली विवाद के बाद हुई मारपीट में 55 वर्षीय जुगरूराम चौहान की बीते 13 अगस्त को मृत्यु हो गई। मृतक के लड़के शोभित राम चौहान ने मर्ग जांच दौरान पुलिस द्वारा दिये अपने बयान में बताया कि उसका लड़का सुनील चौहान फिलिसिता उरांव से प्रेम विवाह किया है। इसका पिता जुगरूराम चौहान अपने नाती सुनील चौहान और नाती बहू फिलिसिता के साथ रहता था। 11 अगस्त 2024 की शाम भैंस चराकर घर लौटने के बाद जुगरूराम ने थोड़ी शराब पी थी। नाती बहू फिलिसिता के रथ मेला देखने जाने पर बहू का नाम लेकर गली में गाली-गलौज कर रहा था।

पड़ोसी बासुराम भगत, जिसे लगा कि जुगरूराम उसे जातिगत गालियां दे रहा है, बासुराम गुस्से में आकर जुगरूराम पर हमला कर दिया। बसुराम ने हाथ, मुक्का और लात से जुगरूराम की पिटाई की, जिससे जुगरूराम दीवार और खूंटे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जुगरूराम को अगले दिन अस्पताल पत्थलगांव ले जाया गया, जहां से उसे शासकीय अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 13 अगस्त 2024 को जुगरूराम की मृत्यु हो गई।

घटना के संबंध में कल थाना मणिपुर जिला सरगुजा से बिना नंबरी मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम ने मृतक के पुत्र और साक्षियों से पूछताछ कर थाना कापू में हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस ने साक्षियों के समक्ष आरोपी के बयान पर घटना स्थल से तीन नग सरई लकड़ी के खूंटे बरामद किए हैं। आरोपी बसुराम भगत (36 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


इस गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के सुपरविजन में निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, आरक्षक फिल्मोन लकड़ा, इलियाजर टोप्पो और आरक्षक सामवेल मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## स्वंत्रतता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग जिला-रायगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया पौधारोपण

**रायगढ़**

आजादी के 78 वें वार्षिक महोत्सव का जश्न आज पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है इस दिन को और भी यादगार बनाने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग की रायगढ़ जिला के पदाधिकारियों द्वारा सड़क किनारे फलदार पौधे तथा औषधीय गुणों से युक्त 9 आंवला ,30 आम ,10 इमली , 6 अमलतास, 25 जामुन ,14 बहेड़ा, 6 नीम एवं 1 पीपल सहित कुल मिलाकर 101 पौधों का रोपण किया गया इसमें पुरुष पदाधिकारियों के अलावा महिलाओं की विशेष भूमिका रही।।

पूर्व में भी रायगढ़ की टीम ने जनहित में सैकड़ों कार्य किए हैं इसी कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए आज के विशेष दिन को इन्होंने चुना और मानव जीवन के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जीवनदायिनी पौधे का रोपण पूरी टीम के द्वारा किया गया।।।



प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल साहू जी ने पदाधिकारियों के इस नेक कार्य के लिए सभी लोगो को धन्यवाद के साथ आशीर्वाद तथा समाज सेवा में निरंतर प्रयास करते रहने की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।।

रायगढ़ जिलाध्यक्ष भगत चंद्रा जी का जन्मदिन भी था उन्होंने सबका मुंह मीठा किया तथा उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

उपस्थित पदाधिकारियों में विशेष रूप से अरुण चंद्रा, महेंद्र चंद्रा, सरोजनी बसंत ( प्रदेश सचिव ) भगत चंद्रा ( जिलाध्यक्ष ) गिरजाशंकर यादव (जिला उपाध्यक्ष) बसंत चौधरी ( महासचिव ) रजनी साव ( कार्यवाहक अध्यक्ष महिला सेल ) नीलकंठ साहू ( मिडिया प्रभारी) यादराम चंद्रा जी (जिला युवा युवाध्यक्ष ) प्रभाकर चन्द्रा ( जिला युवा उपाध्यक्ष) प्रफुल्ल साहू ( ब्लॉक अध्यक्ष) एस कुमार (ब्लॉक उपाध्यक्ष ) मास्टर निशांत चंद्रा, सक्रिय सदस्य संजू चंद्रा, रामसिंह , लक्ष्मी सोनी, संजय सोनी, जगबंधु दास, संजू यादव, राजू महंत, मनीराम पटेल, विजय चंद्रा ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU